लापरवाही करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए

- ऊर्जा मंत्री ने दीगोद में जनसुनवाई की, मौके पर ही निस्तारण किया

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शनिवार को दीगोद क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने उपखंड मुख्यालय परिसर दीगोद में जनसुनवाई की। इस दौरान जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान कृष्णा शर्मा, विकास अधिकारी मुकेश स्वर्णकार समेत क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनसुनवाई में बरसात के बावजूद बड़ी संख्या में लोग परिवेदना लेकर पहुंचे। ऊर्जा मंत्री ने जन समस्याओं को लेकर तुरंत निराकरण के निर्देश दिए।

वहीं काममें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए लताड़ भी लगाई। ऊर्जा मंत्री ने ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी। मंत्री नागर ने विभिन्न जगहों से मिलने वाली शिकायतों के बाद जल जीवन मिशन के तहत होने वाले विभिन्न कामों की पूरे जिले में जांच के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान रेलगांव के ग्रामीणों ने आबादी क्षेत्र में स्कूल और मंदिर के पास शराब की दुकान होने और वहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने की शिकायत की।

जिस पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जिला आबकारी अधिकारी से बात कर शराब ठेके की लोकेशन बदलने के निर्देश दिए। इस दौरान पंचायत समिति सुल्तानपुर के हनोतिया में जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की। वहीं सरोला पंचायत में भी जल जीवन मित्र के चयन में भ्रष्टाचार होने की शिकायत की गई। जिस पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पीएचईडी के एसई को बुलाकर मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस दौरान सुल्तानपुर में सफाई कर्मचारियों को 8 माह से वेतन नहीं मिलने का मामला भी जनसुनवाई में उठाया गया। जिस पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने डीएलबी डायरेक्टर को फोन कर सफाई कर्मचारियों का वेतन तुरंत दिलाने के लिए कहा। वहीं खेड़ली तंवरान, मेहराना, डोबरली, मंडावरा गांव के ग्रामीणों ने भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत बने अंडरपास में पानी भरने की शिकायत की। जिस पर एनएचएआई के अधिकारियों को बुलाकर मामले को दिखाने और निस्तारण करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों के द्वारा सीएफसीएल की ओर से हर साल अमोनिया गैस का रिसाव करने की शिकायत की गई। ग्रामीणों ने बताया कि अमोनिया गैस का रिसाव करने से हवा में घुलकर फसलों का नुकसान कर देती है। इस पर ऊर्जा मंत्री ने सीएफसीएल के अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर गैस के रिसाव का कारण पूछा। उन्होंने इसकी जांच करने के निर्देश दिए। दीगोद के ग्रामीणों ने भी 108 एंबुलेंस की व्यवस्था करने की मांग की। मंत्री नागर स्वास्थ्य विभाग से आई विभिन्न परिवेदनाओं पर शिविर लगाने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता के साथ सद्व्यवहार करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्या लेकर के अधिकारियों और कर्मचारियों के पास आते हैं तो उनके साथ में बुरा बर्ताव किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री नागर ने ग्रामीणों से बुरा द करने और काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान मूंडला पंचायत की एलडीसी अनिता कुमारी, सीमलिया पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रविंद्र मेहता और चारचौमा के विकास अधिकारी को कार्य में उदासीनता बरतने, लापरवाही करने और ग्रामीणों से दुर्व्यवहार करने के मामले में एपीओ करने के निर्देश दिएं। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सुबह 11 से शाम 5.30 बजे तक सीट पर बैठकर अनवरत लोगों के अभाव अभियोग सुने। उन्होंने मौजूद संबंधित अधिकारियों को बोला बुलाकर हर समस्या के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 70 फीसदी का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

कोटा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जनसुनवाई कर परिवादों का निस्तारण किया।

नेत्र चिकित्सक डॉ. शवीना गर्ग ने सुवि नेत्र चिकित्सालय में नेत्र फैलोशिप पूर्ण की

पंजाब से सुवि नेत्र चिकित्सालय, कोटा आकर शॉर्ट टर्म फैलोशिप पूर्ण करने के पश्चात नेत्र चिकित्सक डॉ. शवीना गर्ग ने डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ.एस.के.गुप्ता, डॉ. निपुण बागरेचा से सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

कोटा, (निसं)। डॉ. शवीना गर्ग (पंजाब) से कोटा पहुँचकर एक माह की मेडिकल रेटिना फैलोशिप सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर, कोटा में पूर्ण की। डॉ. शवीना गर्ग ने संस्थान के रेटिना विशेषज्ञ डॉ.निपुण बागरेचा के मार्गदर्शन में इनडायरेक्ट ऑफ्थेलमोस्कोपी, एन्टी-वेज़एफ इंजेक्शन, रेटिनल लेज़र फोटोकोगुलेशन, बराज रेटिनल लेज़र, आदि अनेकों नवीनतम विधियाँ सीखीं। डॉ.सुरेश पाण्डेय द्वारा उन्होंनें फेकिक लैन्स इम्पलान्टेशन, टोपिकल फेको कैटरेक्ट सर्जरी एवं प्रीमियम टोरिक, ट्राइफोकल लैन्स इम्पलान्टेशन आदि पद्धतियों को सीखा। डॉ.शवीना गर्ग को एक माह की शॉर्ट टर्म फैलोशिप सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा में पूर्ण करने पर उन्हें डॉ.सुरेश पाण्डेय, डॉ.एस.के. गुप्ता, डॉ.निपुण बागरेचा द्वारा सर्टिफिकेट भी दिया गया। डॉ.शवीना गर्ग ने बताया कि उनका पंजाब से कोटा (राजस्थान) आना सार्थक हुआ और वे सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर कोटा के चिकित्सकों द्वारा नेत्र चिकित्सा जगत की अत्याधुनिक पद्धति सीखकर लौट रहे है। डॉ.शवीना गर्ग ने कोटा के सेवन वण्डर, रिवरफ्रन्ट, ऑक्सीजोन सिटी पार्क सहित चम्बल किनारे गरड़िया महादेव आदि रमणीक स्थानों का भ्रमण भी किया और कोटा में हुये विकास कार्यो की सराहना की। संस्थान के निदेशक डॉ.सुरेश पाण्डेय ने डॉ.शवीना गर्ग को अपनी पुस्तक 'एक आई सर्जन की डायरी-भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया में मेरे अनुभव' भी भेंट की। डॉ.शवीना गर्ग ने मेडिकल रेटिना फैलोशिप हेतु सुवि नेत्र चिकित्सालय के रेटिना विशेषज्ञ डॉ.निपुण बागरेचा का आभार व्यक्त किया। संस्थान के रेटिना विशेषज्ञ डॉ.निपुण बागरेचा ने बताया कि गुलबर्ग (कर्नाटक) की डॉ.जेबा फातेमा दो माह के शॉर्ट टर्म की फैलोशिप करने सुवि नेत्र चिकित्सालय एवं लेसिक लेज़र सेन्टर कोटा पहुंच रही है।

सार-समाचार

आई.एल. मंदिर में सावन उत्सव

कोटा, (निसं)। आईएल मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर शनिवार को सावन उत्साह को भक्तों ने उमंग, उत्साह व भक्ति भाव से मनाया। संरक्षक सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर महिला मण्डल द्वारा भजन-संकीर्तन, झूला उत्सव व भक्तिभाव से भजनों पर नृत्य किया गया। महिला मण्डल की संयोजिका पुष्पा गट्टानी ने बताया कि सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक महिला मण्डल द्वारा मंदिर परिसर में सावन उत्सव मनाया गया। कमलेश राठौड़ ने भगवान को सुंदर वेशभूषा में तैयार कर श्रृंगार किया। पूर्णिमा भट्ट व चंदा मित्तल ने एक के बाद एक सुंदर भजन सुनाकर मोहन को रिझाया। जब सांस में सुमिरन तेरा...सावन-भादों में मोहन की मुरली बाजे रे...कन्हैया हिण्डो डाल्यो रे हरियल बाग में आदि गीतों पर शोभा शर्मा, उपमा शर्मा, राधा तिवारी सहित महिलओं ने जम कर नृत्य किया। समिति के अध्यक्ष अरविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि उत्साह व उमंग के साथ लोगो ने सावन उत्सव मनाया। ठाकुरजी झूला देने के लिए भक्तों की होड़ सी मची थी। ठाकुरजी को पालने मे बैठा कर लोग बारी-बारी रस्सी से झूला दे रहे थे। समिति के सचिव योगेन्द्र जोशी, कोषाध्यक्ष सत्यानारायण चीता, पार्षद योगेश आहलुवालिया, ओम गट्टानी, मनोहर खण्डेलवाल, शुभकरण माहेश्वरी, ताराचंद गुप्ता, मोहन पंचोली, जगदीश शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे। पण्डित मनोज तिवारी ने अंत में आरती की जिसमें श्रद्धा लोग जुड़े। संरक्षक सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस अवसर समिति सदस्यों सहित मंदिर प्रांगण में बेल सहित 11 पौधे रोपे गए। अंत में ठाकुर को महाप्रसादी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

मनोज ने 65वीं बार एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। कोटा में सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति के रूप में युवाओं की टीम लगातार लोगों की मदद एसडीपी व ब्लड डोनेशन के माध्यम से कर रही है। टीम जीवनदाता के संयोजक व संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज फैजान अंसारी की प्लेटलेट कम होने पर चिकित्सकों की राय पर एसडीपी के लिए परिजनों ने डोनर की तलाश की लेकिन व्यवस्था नहीं हो सकी। ऐसे में अल सुबह करीब 5 बजे मरीज के परिजन आफताब अंसारी अपना ब्लड सेंटर पहुंचे और ओ पॉजीटिव एसडीपी के लिए कहा। उसके बाद कई लोगों को कॉल किया लेकिन सुबह का समय होने से डोनर की व्यवस्था नहीं हो सकी, ऐसे में हाड़ौती ब्लड डोनर सोसायटी के अध्यक्ष मनोज चंचलानी को कॉल किया तो वह सुबह मोर्निंग वॉक पर थे, लेकिन मरीज की गंभीर स्थिति से अवगत कराया तो वह सीधा ब्लड बैंक पहुंचे और उन्होंने 65वीं बार एसडीपी डोनेट की। वह इससे पूर्व 21 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं और निरंतर ब्लड डोनेशन कैंप लगाते हुए जरूरतमंद की मदद का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर मनोज ने अटेंडर को मोटिवेट किया और उन्होंने भी मनोज की भावनाओं के अनुरूप रक्तदान किया और साथ ही हर तीन माह में रक्तदान का संकल्प लिया।

नीतू अध्यक्ष, निर्मला सचिव निर्वाचित

कोटा, (निसं)। सिन्धु महिला सर्किल के सत्र 2024-25 के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए जिसमें नीतू वनवानी अध्यक्षा, निर्मला आहूजा सचिव निर्वाचित हुए। इनके साथ ही संरक्षक पद पर सपना हरसिंघानी, उपाध्यक्ष पद पर मीना दायानी और कोषाध्यक्ष पद पर आरती पंजवानी निर्वाचित हुई। भागवंती खूबचंदानी सलाहकार मनोनीत की गई।

समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। कोटा-बूंदी दुध उत्पादक सहकारी संघ, महिला समिति के प्रोत्साहन व विकास के लिए समर्पित व सक्रिय है। महिला समितियां अपने कार्य को लगन व मेहनत से अंजाम देते है ऐसे में उन्हे आगे लाने के लिए संघ सक्रिय होकर कार्य करेगा और उन्हे विशेष योजनाओं से लाभांवित भी करेगा। यह बात गरड़दा (नमाना मार्ग) महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति की आम सभा में मुख्य अतिथि चैनसिंह राठौड़ ने कही। राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में महिला समिति की संख्या कम है ऐसे में महिला समितियों को कुट्टी की मशीन, बीएमसी उपलब्ध करवाकर लाभांवित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि ग्राम गरड़दा सरपंच शिवराज गुर्जर, निदेशक धन्नालाल प्रजापत, निर्देशक महावीर सिंह, डेयरी सुपरवाइजर आशिन खान, सुपरवाईजर राजू सिंह, रंगलाल गुर्जर, डेयरी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। समिति की अध्यक्षा मांगी बाई ने बताया कि महिला समिति की स्थापना वर्ष 2019 में की गई थी। महिला समिति प्रतिदिन 566 लीटर दुग्ध का संग्रह करती है।

हाड़ौती में औसत से अधिक बारिश, 31 डैम फुल, 24 में भरा 50 फीसदी से ज्यादा पानी

कोटा, (निसं)। हाड़ौती संभाग में बारिश का दौर जारी है। शनिवार को भी कोटा में लगातार बरसात का दौर जारी रहा। इसके चलते नदी नाले भी उफान पर हैं।

लगातार बरसात के कारण जनजीवन भी अस्त-व्यस्त चल रहा है दूसरी तरफ हाड़ौती के डैम की बात की जाए तो यहां छोटे-बड़े मिलाकर 80 डैम हैं। इनमें से 31 डैम पूरी तरह से फुल हो चुके हैं और उनमें तेजी से पानी का प्रवाह हो रहा है। इसके अलावा 24 डैम ऐसे हैं जिनमें 50 फीसदी से ज्यादा पानी आ गया है। जबकि 23 डैम ऐसे हैं, जिनमें अभी 50 फीसदी से कम पानी है।

कोटा संभाग मुख्यालय के बारिश के कोटे की बात की जाए तो अगस्त माह में अब तक 770 एमएम बारिश हो चुकी है। यह औसत बारिश से अधिक है ऐसे में आने वाले दिनों में भी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इससे इस साल औसत से ज्यादा बारिश कोटा में होगी। जिससे इस बार लगभग सभी डैमों के फुल होने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को भी कोटा में 52.2 मिलीमीटर यानी करीब 2 इंच से ज्यादा बारिश सुबह 8.30 बजे से रात 8.30 बजे तक रिकॉर्ड की गई है। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता संजय सिंह ने बताया कि कोटा संभाग में 4.25 मिलियन क्यूबिक मीटर से ज्यादा क्षमता के 47 बांध हैं। इनमें से 16 बांध फुल हो गए हैं जबकि 17 में आधे से ज्यादा पानी आ गया है।

वहीं, 16 बांधों में आधे से कम पानी है। इधर, 4.25 एमक्यूएम से छोटे बांध की बात की जाए तो 17 डैम पूरी तरह से भर चुके हैं। वहीं 8 डैमों में 50 फीसदी से ज्यादा पानी है। इसी तरह से 8 डैम ऐसे हैं, जिनमें अभी आधे से कम पानी आया है। इनमें आने वाले बांधों में बारां जिले में गोपालपुरा, ल्यासी, बिलास, उम्मेद सागर, इकलेरा सागर, रटलाई, कालीसोट व छतरपुरा फुल हो चुके हैं।

इसी तरह से बूंदी जिले में बरधा, पैबालपुरा, चाकन, भीमलत, बड़ानयागांव, झालावाड़ जिले में गागरिन, रीवा व रोशनबाड़ी भी ओवरफ्लो हो चुके हैं। जबकि कोटा जिले में कोटा बैराज फुल है। उससे कई बार पानी डिस्चार्ज भी किया जा चुका है। इसी तरह झालावाड़ के छापी, रायगढ़ और कालीसिंध से पानी की निकासी भी की जा चुकी है। फ्लड कंट्रोल इंचार्ज संजय सिंह के अनुसार 4.25 एमक्यूएम से ज्यादा क्षमता वाले बांधों की बात की जाए तो उनकी कुल कैपेसिटी 1483.21 मिलियन क्यूबिक मीटर है। जबकि इनमें अभी तक 890.04 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी आ चुका है। साल 2023 में 9 अगस्त तक इनमें 567.16 एमक्यूएम पानी आया था। वर्तमान में यह बांध 60 फीसदी भर चुके हैं। जबकि बीते साल 2023 में ये केवल आज तारीख तक 38 फीसदी ही भरे थे।

छोटे बांधों की बात की जाए तो 33 बांध हाड़ौती संभाग के चारों जिलों में हैं। इन सबकी क्षमता 90.45 एमक्यूएम है जबकि अभी तक 64.75 एमक्यूएम पानी इनमें आ चुका है। बीते साल 9 अगस्त तक 43.75 एमक्यूएम पानी इन डैम में आया था। यानी कि महज 48 फीसदी पानी आया था, जबकि इस साल 2024 में अब तक 72 फीसदी यह डैम भर चुके हैं।

बारां जिले में फुल हुए डैम में अहमदी, नारायणखेड़ा, खटका, सेमली फाटक व नाहरगढ़ है। बूंदी जिले में सतुर माता, बंसोली, मोतीपुरा, चांद का तालाब, भटवाड़ी, नारायणपुरा, मोगरा, जसवंतपुरा, बिनायगा, झालावाड़ जिले के बोरबंद और गुराड़िया शामिल है।

जय श्री कृष्णा ग्रुप का स्वागत

कोटा, (निसं)। विज्ञाननगर के झूलेलाल मंदिर में चल रहे चालीहा महोत्सव के तहत शनिवार को अतिथियों के रूप में शामिल हुए जय श्रीकृष्णा ग्रुप के सदस्य एडवोकेट राज ठाकुर, जानकी ठाकुर, किशन रतनानी, पूनम रतनानी का पूज्य सिन्धी पंचायत विज्ञाननगर के संरक्षक विनोद अजवानी और रीटा अजवानी ने पाखर पहनाकर स्वागत किया।

NAME CHANGE

I **TEJAS MOHIT ARORA** S/o MOHIT KUMAR ARORA resident of Bhimganj mandi, Kota hereby declare that my name in an expired passport has been recorded as TEJAS ARORA S/o MOHIT KUMAR ARORA. I shall be known as **TEJAS MOHIT ARORA,** father name MOHIT KUMAR ARORA, and mother name **CHETNA MOHIT ARORA** in future.

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री (Titiksha Kankaria) के स्कूल रेकार्ड के अन्दर व मार्कशीट में माता का नाम Jaishree Kankaria आलेखित हो गया है। जबकि सही नाम Jaishri Kankaria है। भविष्य में उनकी माता को Jaishri Kankaria के नाम से जाना पहचाना जावे।

डालम चन्द कांकरिया

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री (Vanshika Kankaria) के स्कूल रेकार्ड के अन्दर उनकी माता का नाम Jaishri आलेखित हो गया है। जबकि सही नाम Jaishri Kankaria है। भविष्य में उनकी माता को Jaishri Kankaria के नाम से जाना पहचाना जावे।

डालम चन्द कांकरिया

पश्चिम मध्य रेल

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे ने कोटा मंडल की विभिन्न गाड़ियों में पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-आक्शन) पर प्रकाशित किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.:** Lease-KTT-34, **अनुबंध का प्रकार:** Leasing of SLR, **अनुबंध की अवधि:** 2 वर्ष, **ई-नीलामी की तिथि और समय:** 27.08.24 को 12.00 बजे, **केटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कोटा सी.ए. ब्रांच का अध्ययन कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। कोटा सीए ब्रांच की ओर से शनिवार को झालारापाटन स्थित एक निजी होटल में फुल डे वर्कशॉप अध्ययन का आयोजन किया गया।

कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए प्रकाश चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में भोपाल से सीए नवनीत गर्ग ने जीएसटी अपील्स, इंदौर से सीए मनोज पी गुप्ता ने यूनियन बजट-2024 एवं झालावाड़ से सीए निखिल तिवारी ने आईटी एक्ट के सेक्शन 115बीबीइ में हुए बदलावों पर बारीकी से प्रकाश डाला।

संस्था की ओर से झालावाड़ में इस प्रकार की वर्कशॉप का आयोजन पहली बार किया गया, जिस पर झालावाड़ के सीए मेंबर्स ने कोटा सीए ब्रांच का आभार जताया। भोपाल से आये सीए नवनीत गर्ग ने कहा कि यूनियन बजट-2024 में जीएसटी अधिनियम में किये गए बदलावों के विषय में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए जारी किए डिमांड आदेशों में व्यापारियों के लिए शास्ति एवं ब्याज से छूट की घोषणा की है। उनके द्वारा यदि जीएसटी कर की डिमांड की राशि जमा कर दी जाती है तो ब्याज और शास्ति की राशि जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

पहले विभाग द्वारा व्यापारी को समन देकर बुलाया जाता था एवं उसमें सलाहकार उपस्थित नहीं हो सकते थे लेकिन अब अधिकारी अनुमति दे तो समन की कार्रवाई में कर सलाहकार भी व्यापारी की ओर से उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि धारा 16(6) में निरस्त पंजीयन पुनः चालू करने के बाद यदि 30 दिन में पुरानी बकाया विवरणी प्रस्तुत कर दी जाती है तो उस अवधि में उपलब्ध आईटीसी का क्लेम व्यापारी कर सकते हैं, जो कि पहले उपलब्ध नहीं था। कार्यक्रम समन्वयक सीए अरविंद गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में इंदौर से आए स्पीकर सीए मनोज पी गुप्ता ने बजट 2024 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बजट 2024 में आयकर अधिनियम के अंतर्गत किये गए सभी बदलावों पर जानकारी प्रदान की। सीए गुप्ता ने कहा कि प्रॉपर्टी बेचने पर लग रहे कैपिटल गेन की गणना किस प्रकार से करनी है। शेयर पर होने वाली आय पर लगने वाले कर में हुए बदलाव के बारे में जानकारी दी।

इंदौर से आए पूर्व रीजनल काउंसिल वाइस चेयरमैन सीए चर्चिल जैन ने सीए प्रोफेशन में आए बदलाव के बारे में बताया और सीए मेंबर्स के लिए सीए प्रोटेक्शन एक्ट की आवश्यकता के बारे में सभी सीए मेंबर्स को जानकारी दी।

झालावाड़ के स्पीकर सीए निखिल तिवारी द्वारा व्यापारियों की आयकर गणना में अघोषित आय से संबंधित धारा 115, बीबीई पर कर के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन सीए दीपक सिंघल ने किया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन सीए पंकज दाधीच, सीनियर सीए सदस्य सीए गिरीश गुप्ता, सीए प्रकाश गुप्ता, सीए पदम जैन, सीए देवेंद्र कश्यप, सीए सचिन मंगल, सीए विकाश जैन, सीए योगेंद्र गुप्ता, सीए सुधांशु उपाध्याय व सीए आशीष व्यास समेत कोटा, बारां, झालावाड़, रामगंजमंडी व भवानीमंडी से करीब 75 से अधिक सीए सदस्यों ने भाग लिया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान संघ व कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा महावीर नगर रंगबाड़ी रोड़ पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 11 अगस्त 24 रविवार को किया गया है। शिविर के आयोजनकर्ता एवं राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय मंत्री गुड्डू मरचूनिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण के विधायक जननायक संदीप शर्मा होंगे तथा अध्यक्षता भाजपा नेता पंकज मेहता करेंगे। शिविर में ब्लड बैंक न्यू मेडिकल कॉलेज कोटा और कोटा ब्लड बैंक सोसायटी की टीमों द्वारा रक्त संग्रहण किया जाएगा। गुड्डू मरचुनिया ने अधिक से अधिक युवाओं से शिविर में पहुंच कर रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाने की अपील की है।

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़, राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय की जर्जर इमारत

- 'समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन उग्र आंदोलन होगा'
- महाविद्यालय में छात्र असुरक्षित

कोटा, (निसं)। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा ने कोटा के राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय कोटा के भवन की जर्जर अवस्था को लेकर छात्रों पर आने वाली हानि को देखते हुए प्राचार्य को आयुक्तालय एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया।

मेवाड़ा ने बताया कि महाविद्यालय की ऐसी कोई दीवार शेष नहीं बची जिसपर से प्लास्टर न उतरा हो और ऐसी कोई कक्षा नहीं बची जिसकी छत न टपकती हो और इससे बड़ी हानि महाविद्यालय के भीतर के सभी छज्जे बारिश के इस मौसम में ढह चुके है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए आज एनएसयूआई परिवार ने छात्रों से अपना जीवन सुरक्षित करने हेतु महाविद्यालय की कक्षाओं में छात्रों को हेल्मेट पहनाकर बैठाया इससे बड़ी दुर्भाग्य पूर्ण बात क्या होगी।

मेवाड़ा ने कहा कि कल भी एलडीसी के 400 छात्रों की परीक्षा महाविद्यालय में आयोजित होने वाली है जिसकी महाविद्यालय प्रशासन ने अनुमती दे दी है, क्या महाविद्यालय प्रशासन को यह भयंकर स्थिति नहीं दिखी की किस प्रकार से छात्र: इस असुरक्षित इमारत में बैठ कर परीक्षा दे पाएंगे। एनएसयूआई संगठन की छात्र शक्ति ने छात्रों की इस पीड़ित आवाज को उठाते हुए कहा कि अगर इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान नहीं हुआ तो हमें अब सड़कों पर उतरकर मजबूरन उग्र आंदोलन करना होगा और पी डब्ल्यू डी कार्यालय एवं आयुक्तालय का घेराव किया जायेगा साथ ही महाविद्यालय पर ताला लगा दिया जाएगा ताकि छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ करा जाना बंद हो सकें, ज्ञापन में मुख्य रूप से एसयूआई पूर्व जिला महासचिव भव्य पोरवाल, अमन गौतम, छात्रसंघ महासचिव रजत कुमार, छात्रनेता आदित्य सिंह राजावत, गीतांजलि मीणा, सौरभ मीणा, विशाल सेन, आदित्य सिंह, कृष्णा, चेतन, अनमोल आदि मौजूद थे।

कोटा में महाविद्यालयकी बिल्डिंग जर्जर होने के विरोध में छात्र हेलमेट लगाकर कक्षा में बैठे।

चंबल ब्रेवरीज और डिस्टलरीज लिमिटेड

CIN: L99999RJ1985PLC046460
पंजीकृत कार्यालय: हाउस नंबर 30, दूसरी मंजिल, डी.ए.वी स्कूल केई पास, तलवंडी, कोटा, 324005, राजस्थान
वेबसाइट: www.chambalkota.in दूरभाष न.: 0744-3500607
ईमेल आईडी: chambalbreweries@gmail.com

समाप्त तिमाही 30.06.2024 के गैरलेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम

(रु. लाख में)

क्र. नं.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2024 गैरलेखा परीक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2024 लेखा परीक्षित	गत साल की समाप्त तिमाही के आंकड़े 30.06.2023 गैरलेखा परीक्षित
1	प्रचालन से कुल आय	2.41	3.31	2.81
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण कर और/ या असाधारण मद्दो से पहले)	(3.13)	(0.71)	(6.17)
3	अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और / या असाधारण मद्दो के बाद)	(3.13)	(197.30)	(6.17)
4	अवधि के लिए कर से बाद शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/ या असाधारण मद्दो के बाद)	(3.13)	(197.30)	(6.17)
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय	(3.13)	(197.30)	(6.17)
6	इक्विटी शेयर पूंजी	748.88	748.88	748.88
7	पिछली वर्ष की ऑडिट बैलेंस शीट में दिखाए अनुसार रिजर्व (रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर)	-	(628.53)	-
8	आय प्रति शेयर (रु.10 / - प्रत्येक) (बेसिक और डाइल्यूटेड)	(0.04)	(0.44)	(0.08)

उपरोक्त समाप्त हुई तिमाही 30.06.2024 गैरलेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत स्वरूप का एक संक्षिप्त स्वरूप है जो सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण की आवश्यकता) नियमन 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर की गई है गैरलेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप समाप्त तिमाही 30.06.2024 के लिए स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.chambalkota.in) पर उपलब्ध हैं।

चंबल ब्रेवरीज और डिस्टिलरीज लिमिटेड के लिए
एसडी/-
निदेशक

दिनांक: 10.08.2024
स्थान : कोटा